# भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
## शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone ✆ : 2661263,2737446 Fax: 2737446 Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com


क्र0/7687/रा0मु0/गतिविधि/2014 भोपाल, दिनांक 23-4-14

प्रति,

1. समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण/
संभागीय उपायुक्त, अनु.जाति एवं आदिवासी विकास
संभाग ........................................................ (म0प्र0) ।

2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त (आदिविकास)
पदेन जिला कमिश्नर–स्काउट जिला .................................

3- सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)
संभागीय कार्यालय..........................................

**विषय :– स्काउटर–गाइडर हाईक, शिमला, (हिमाचल प्रदेश) 2014**

**सन्दर्भ :– इस कार्या0का पत्र क्र0/7197–98/रामु/गति/2014 भोपाल, दिनांक 14/3/2014 ।**

---------

भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश के वार्षिक कार्यक्रम 2014–15 के अनुसार राज्य स्तर पर स्काउटर–गाइडर हाईक का आयोजन शिमला हिमाचल प्रदेश में किया जा रहा है। आप अपने क्षेत्र से योग्यता धारी स्काउटर–गाइडर के आवेदन फार्म निम्न जानकारी के साथ दिनांक 30 अप्रैल 2014 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

1. कार्यक्रम का नाम : स्काउटर–गाइडर हाईक, शिमला हि.प्र.–2014
2. अवधि : दिनांक 27/05/14 से 02/06/14 तक
3. स्थान : राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्य.विधालय लक्कड, बाजार, शिमला, हिमाचल प्रदेश।
4. आधार केम्प कैसे पहुंचे :शिमला ओल्ड बस स्टेंड से लक्कड बाजार स्टेंड के पास अथवा रेलवे स्टेशन से ओल्ड बस स्टेंड से लक्कड बाजार के पास उक्त विधालय में पहुँचा जा सकता है। शिमला पहुँचने के लिये पुरानी दिल्ली से कालका एवं कालका से शिमला ट्रेन के माध्यम से पहुँचा जा सकता है ।

**सम्पर्क सूत्र :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री देवेन्द्र जेष्ठा, डी.ओ.सी. शिमला – | 094184–69959 |
| 2. | श्री पंकज शर्मा, स्काउट मास्टर – | 094184–76673 |
| 3. | श्री धीरज सोनी, (हाईक संचालक) | 094253–53294 |

5. शुल्क : **पंजीयन शुल्क** – (विकास+विशेष 100/पंजीयन 250/–, बीमा शुल्क 50/– रू.) कुल 400/– रू. पंजीयन आवेदन फार्म के साथ दे।
**शिविर शुल्क** – 700/– रू प्रतिव्यक्ति
**हाईक भ्रमण व्यय** – 1200/– रू. प्रतिव्यक्ति, लगभग
**मार्ग व्यय** – 700/– रू. (रेलवे कन्सेशन के आधार पर) अनुमानित
कुल व्यय – लगभग 3000/– रू. प्रतिव्यक्ति
नोट :– उपरोक्तानुसार व्यय में टैक्सी, ऑटो का किराया सम्मिलित नही है।
6. आवश्यक सामग्री : हाईक में पूर्ण यूनिफार्म होना आवश्यक है, दो जोडी यूनिफार्म, पहनने व बदलने के कपडे, गर्म बिस्तर, प्लास्टिक शीट, भोजन करने के बर्तन, प्रसाधान सामग्री, टार्च, मोमबत्ती, बरसाती, छाता, वाटर वाटल एवं अन्य शिविर संबंधी सामग्री एवं आवश्यक दवाईयां साथ ले जावें एवं अपना परिचय पत्र साथ लावें ।

7. पात्रता : पंजीकृत दलो के ग्रुप लीडर–पुरूष 01, ग्रुप लीडर महिला 01, कब मास्टर–1, फ्लाक लीडर–1, स्काउट मास्टर–1,गाइड कैप्टिन–1एवं रोवर लीडर–1, रेंजर लीडर–1 जो वांरटधारी हो आवेदन पत्र के साथ छायाप्रति संलग्न करें। उपरोक्त में से प्रत्येक जिले से 04 प्रतिभागी का ही चयन कर भेजे।

नोट : 1. एक जिले का कोटा अन्य जिले को न दिया जायें।
2. परिवार के सदस्यों के आवेदन न भेजे।
3. प्रतिभागी प्रशिक्षित वांरट प्राप्त हो तथा पंजीकृत दल का नियमित संचालन करते हो।
4. शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो।

8. चयन प्रक्रिया : संभाग स्तर पर प्राप्त आवेदनो का चयन निम्न समिति द्वारा किया जायेगा।

संयोजक सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)

सदस्य
1. जिला कमिश्नर स्काउट
2. जिला कमिश्नर गाइड
3. जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट
4. जिला संगठन आयुक्त, स्काउट
5. जिला सचिव

गठित समिति प्राप्त आवेदन का परीक्षण कर चयन करेगी, एवं प्रत्येक जिले से अधिकतम 04 सदस्य होगें। विगत सत्र में हाईक में सम्मिलित हुये प्रतिभागियो को न भेजें, नये सदस्यों को अवसर प्रदान किया जावें। चयनित सदस्यों के आवेदन पत्र एवं सूची पर ए.एस.ओ.सी. (स्का.गा.) एवं समिति के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। समिति के हस्ताक्षर के अभाव में आवेदन फार्म स्वीकृत करना संभव नही होगा।

निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभागियों को हाईक स्थल (आधार शिविर परं उपस्थित होना है, हाईक के दौरान राज्य मुख्यालय द्वारा निर्धारित/चयनित स्थल (पाइंट) को ही दिखाया जावेगा। हाईक के मध्य किसी भी प्रतिभागी को अन्य स्थान पर जाने के लिये अनुमति नही दी जावेगी। हाईक में पूर्ण अनुशासन में रहना आवश्यक होगा। अनुशासनहीनता करने पर हाईक संचालक द्वारा संबंधित को कार्यमुक्त कर दिया जावेगा।

9. आवेदन की तिथि : आवेदन फार्म की पूर्ति कर दिनांक 25 अप्रैल–2014 तक संभागीय मुख्यालय में जमा करें, आवेदन के साथ वांरट की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। संभागीय मुख्यालय चयनित आवेदन फार्म मय पंजीयन राशि के 30 अप्रैल 2014 तक अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रो को स्वीकार नही किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारो की सूचना राज्य मुख्यालय द्वारा भेजी जावेगी, चयनित सदस्य ही हाईक में भाग ले सकेगें। चयन के पश्चात हाईक में भाग न लेने अथवा राज्य मुख्यालय में आवेदन निरस्त होने पर पंजीयन शुल्क वापस नही होगा।

**टीप :– कोई भी प्रतिभागी राज्य मुख्यालय की सूची के अतिरिक्त सीधे हाईक पर यदि जाता है तो उसे सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।**

संलग्न : आवेदन फार्म

राज्य सचिव 23/4
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

पृ0क्र0/ 7682 /रा0मु0/गतिविधि/2014
भोपाल, दिनांक 23-4-14

**प्रतिलिपि :सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल ।
2. आयुक्त, आदिवासी विकास मध्यप्रदेश, भोपाल।
3. राज्य संगठन आयुक्त/राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
4. लेखाधिकारी, राज्य मुख्यालय भोपाल।

राज्य सचिव 23/4
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

# भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
## शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone ➀ : 2661263,2737446 Fax: 2737446 Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com


### –: राज्य स्तरीय स्काउटर/गाइडर हाईक हेतु आवेदन–पत्र :–

| 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ यूनिफार्म युक्त आवेदन के साथ सलंग्न करे एवं 01 फोटोयहॉं चस्पा करें। |
|---|

1. कार्यक्रम का नाम :...............................................................
2. अवधि दिनांक :...............................................................
3. आवेदन का नाम :...............................................................
4. संस्था/शाला का नाम :...............................................................
5. पिता का नाम :...............................................................
6. जन्मतिथि :...............................................................
   (अंकसूची अथवा प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
7. वर्तमान पता (निवास स्थल) :...............................................................
   ...............................................................
   दूरभाष क्र.............................................मोबाईल न...............................
   ई–मेल...............................................................
8. पंजीयन राशि बैक ड्राप्ट क्र. :.............................................दिनांक.............................................
9. ग्रुप का नाम :...............................................................
10. पंजीयन चार्टर क्रमांक :.............................................दिनांक.............................................
11. वांरट क्रमांक :.............................................दिनांक.............................................
12. स्काउटिंग/गाइडिंग अनुभव :...............................................................
13. विशेष रूचि या अन्य को सूचना :...............................................................

**मैं यह बचन देता हूँ/देती हूँ** कि स्काउटिंग/गाइडिंग के नियमों के अनुसार उक्त कार्यक्रम मे पूर्ण समय अनुशासन में रहकर संचालक के निर्देशो का पालन करूगा/करूगी। यदि कोई चोट, बीमारी या दुर्घटना होती है तो इसके लिए में किसी भी स्तर पर भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश को उत्तरदायी नही बनाऊंगा/ बनाऊंगी तथा मैं स्वंय इसके लिए उत्तरदायी रहुंगा/रहुंगी/ मै किसी भी संक्रामक रोग अथवा बीमारी से ग्रसित नही हूॅ। मेरा स्वास्थ्य पूर्ण रूप से ठीक है।

**स्काउटर/गाइडर** **आवेदक के हस्ताक्षर**

**(अभिभावक की स्वीकृति)**

मैं...............................................................पिता/पति श्री...............................................................निवासी ...............................................................यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि अपने पुत्र/पुत्री को भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश में भाग लेने की सहर्ष स्वीकृति देता/देती हूँ। कार्यक्रम के दौरान कोई दुर्घटना होने पर आयोजको को दोषी नही ठहराया जावेगा।

दिनांक :– **हस्ताक्षर**

**(माता/पिता/पालक)**

(2)

## अनुशंसा सहित अग्रेषित

सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)
पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर

जिला कमिश्नर (स्का.गा.)
पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर

## (चिकित्सा प्रमाण–पत्र)

1. नाम :.......................................................................................................................
2. पता :.......................................................................................................................
3. जन्मतिथि :...............................................................................................................
4. वर्तमान अथवा पूर्व बीमारी के कोई लक्षणः..................................................................................
5. चोट/शल्य चिकित्सा यदि पूर्व में हुई तो उसका उल्लेख करें :............................................
.......................................................एवं वर्तमान की स्थितिः.......................................................
6. किसी दवा अथवा भोजन से कोई संक्रमण हो तो उसका उल्लेख करें :........................................
..........................................................................................................................................
..........................................................................................................................................
7. **क्या आवेदक निम्न मे से किसी रोग से ग्रस्त है ?**

| | |
|---|---|
| 1. संक्रमण रोग | हॉ/नही |
| 2. चर्मरोग | हॉ/नही |
| 3. मस्तिष्क रोग | हॉ/नही |
| 4. ह्रदय रोग | हॉ/नही |
| 5. मधु रोग | हॉ/नही |
| 6. अन्य कोई बीमारी | हॉ/नही |

मैने आज दिनांक........../.........../..............को श्री/श्रीमती......................................................आत्मज श्री...... ........................................................के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और पाया कि इनका स्वास्थ्य ट्रेकिंग में जाने योग्य/अयोग्य है।

चिकित्सा अधिकारी
पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर
रजिस्ट्रेशन नम्बर व पद